| 04.04.2025 | आकाशवाणी मध्यप्रदेश<br>प्रादेशिक समाचार | 7.10PM |
|---|---|---|

मुख्य समाचार

1- केंद्रीय मंत्रीमंडल ने 18 हजार 658 करोड़ की 4 रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी।

2- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद से वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने को बताया ऐतिहासिक, कहा-पारदर्शिता बढ़ेगी, गरीब मुस्लिम होंगे लाभांवित।

3- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा- धार्मिक नगरों में पवित्र भाव और परिवारों में स्वस्थ वातावारण बनाए रखने के लिए लागू की शराबबंदी।

4- प्रदेश में 8 अप्रैल से शुरू होगा सांतवा पोषण पखवाड़ा।

मंत्रिमंडल

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल मंत्रालय की चार परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है जिनकी कुल लागत 18 हजार 658 करोड़ रुपये है। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इन परियोजनाओं से तीन राज्यों महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों में भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क लगभग एक हजार 247 किलोमीटर तक बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में संबलपुर-जरपाड़ा तीसरी और चौथी लाइन, झारसुगुड़ा-सासन तीसरी और चौथी लाइन का दोहरीकरण शामिल हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि इन मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्तावों से परिचालन आसान होगा और भीड़भाड़ कम होगी, जिससे रेलवे के सबसे व्यस्ततम खंडों पर आवश्यक बुनियादी ढांचागत विकास होगा। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से 19 नए स्टेशन बनेंगे और दो आकांक्षी जिलों - गढ़चिरौली और राजनांदगांव से संपर्क बढ़ेगा। इससे तेल आयात में भी कमी आएगी और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि इससे लगभग तीन करोड 79 लाख मानव-दिवसों का सृजन होगा।

प्रधानमंत्री द्विपक्षीय वार्ता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज थाईलैंड में दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के अंतर्राष्ट्रीय संगठन-बिम्सटेक की बैठक से अलग कई द्विपक्षीय बैठकों में भाग लिया। श्री मोदी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस से भी बातचीत की। श्री मोदी ने कहा कि भारत बांग्लादेश के साथ रचनात्मक और जन-केंद्रित संबंधों के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बांग्लादेश में शांति, स्थिरता, समावेशिता और लोकतंत्र के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। बैठक में अवैध सीमा पार करने को रोकने के उपायों पर भी चर्चा की गई। श्री मोदी ने हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और सुविधा के प्रति चिंता व्यक्त की।
प्रधानमंत्री बैंकॉक से श्रीलंका की यात्रा के लिए रवाना हुए।

प्रधानमंत्री-वक्फ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संसद के दोनों सदनों से वक्फ संशोधन विधेयक पारित होना सामाजिक-आर्थिक न्याय, पारदर्शिता और समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक अवसर है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि संसद से विधेयक पारित होने से पारदर्शिता बढ़ेगी और लोगों का हित सुरक्षित होगा। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का उद्देश्य अधिक सुदृढ़ और समावेशी भारत का निर्माण करना है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार प्रत्येक नागरिक की गरिमा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'वक्फ संशोधन बिल-2025' के लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में बहुमत से पारित होने पर देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी वर्गों के हितों के प्रति संवेदनशील हैं, इसी का परिणाम है कि वक्फ बिल का बहुमत से पारित हुआ। यह बिल वक्फ संपत्तियों के कुशल प्रबंधन, पारदर्शिता और सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा। साथ ही इस बिल से गरीब मुस्लिम भाई-बहनों के हितों की रक्षा होगी।

रिजिजू संसद सत्र

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज संपन्न हुए बजट सत्र को बहुत ही सार्थक बताया है। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान एक बार भी कार्यवाही बाधित नहीं हुई और संसदीय इतिहास में किसी मुद्दे पर इतनी लंबी चर्चा नहीं हुई। श्री रिजिजू ने कहा कि बजट सत्र के दौरान लोकसभा में 16 और राज्यसभा में 14 विधेयक पारित हुए।

दतिया-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 'वसुधैव कुटुंबकम' के विचार वाली भारतीय संस्कृति संपूर्ण विश्व को परिवार मानती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इस सिद्धांत पर चल रही राज्य सरकार सभी के हित और कल्याण के लिए समर्पित है। दतिया में मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवारों का वातावरण खराब न हो, मेहनत से कमाए गए पैसे का उपयोग परिवार के हित में हो, यह सुनिश्चित करने के लिए ही शराबबंदी लागू की गई

है। उन्होंने कहा कि धार्मिक नगरों में पवित्र भाव की अनुभूति होती है, अत: प्रदेश में विद्यमान 19 देव-स्थानों की गरिमा को बनाए रखने के लिए ही इन स्थानों पर शराबबंदी लागू की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव माँ पीताम्बरा की नगरी दतिया में शराबबंदी लागू करने के लिए आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दतिया सहित प्रदेश में जहां-जहां देवी मां की कृपा है, वहां देवी लोक विकसित किए जाएंगे।

## पोषण अभियान

प्रदेश में व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से कुपोषण को कम करने के लिए पोषण अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष पोषण अभियान के तहत पोषण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से पोषण पखवाड़ा मनाया जाता है। इस पर सातवां पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा। केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा 'जीवन के प्रथम 1000 दिवस' पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने व्यापक प्रचार-प्रसार, समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंध तथा बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली जैसी थीम पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियों को आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। पोषण पखवाड़ा के दौरान सभी जिलों में साइकिल रैली, पोषण रैली, प्रभात फेरी, गर्भवती महिलाओं और धात्री माता एवं किशोरी बालिकाओं के साथ पोषण ट्रैकर में हितग्राही मॉडल पर समूह चर्चा, कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच, एनीमिया जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## भविष्य से भेंट

भविष्य से भेंट कार्यक्रम अन्तर्गत आगरमालवा अपर कलेक्टर आरपी वर्मा कल ग्राम आवर के शासकीय माध्यमिक विद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों को पढ़ाया तथा अपने भविष्य उज्ज्वल बनाने हेतु मन लगाकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। अपर कलेक्टर ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन का सदुपयोग करें, अपना लक्ष्य निर्धारित कर धैर्य, लगन एवं कड़ी मेहनत से उसे प्राप्त करें, सुनहरे भविष्य के लिए आज अच्छे से पढ़ाई करना होगी।

## आनंद उत्सव

राज्य आनंद संस्थान द्वारा 7 से 9 अप्रैल तक भोपाल स्थित आरसीपीवी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में आनंद की ओर सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों के साथ प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण में जन अभियान परिषद, शासकीय विभागों के अधिकारी और अशासकीय सदस्य भी

शामिल होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य आनंद संस्थान आशीष कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रदेश के कुल 50 प्रतिभागी शामिल होंगे, जिन्होंने संस्थान की वेबसाइट पर पंजीयन कराया है। 'आनंद की ओर' कार्यक्रम में प्रदेश के नागरिकों को इस विषय वस्तु के बारे में जागरूक करने का प्रयास है। संस्थान द्वारा आनंदकों को इससे जोड़ा जा रहा है, जिससे उनका जीवन आनंदमयी हो और दूसरों को आनंदित रहने की दिशा में भी प्रेरित कर सकें।

संक्षिप्त समाचार

1- अशोकनगर की खराब सड़क मामले पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लिया संज्ञान लेते हुए VIP रोड में पाइपलाइन डालने के टेंडर का काम 26 अप्रैल तक पूरा कर, अगले महीने के अंत तक सड़क का काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

2- उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आज देवास में माँ चामुण्डा एवं माँ तुलजा भवानी के दर्शन कर पूजा अर्चना की।

3- जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह कल खंडवा के गोलखेड़ा में ई-लाइब्रेरी का लोकार्पण करेंगे।

4- रायसेन में शिक्षक कांग्रेस ने डीईओ से मिलकर सुबह की पाली में स्कूल संचालित किए जाने की मांग की है।

5- भोपाल में राम नवमी पर मास मछली की दुकानें बंद रहेंगी।